Regarding establishment of Ordnance Factory in Maharajganj Parliamentary Constituency ? laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(**महाराजगंज**):** आज भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भारत सरकार द्वारा बड़े स्तर पर विकासात्मक एवं सुरक्षात्मक कार्य किया जा रहे हैं इस कड़ी में रक्षा मंत्रालय द्वारा रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकों कदम उठाए जा रहे हैं। जिससे कि सशस्त्र बलों के लिए ज्यादातर हथियार भारत में निर्मित किए जा सकें । सशस्त्र बलों को भारत में निर्मित अधिक से अधिक हथियार उपलब्ध कराने के लिए आयुक्त निर्माणी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की संख्या में बढ़ोतरी कर नई ऑर्डिनेंस फैक्ट्री भी स्थापित करनी पड़ेगी, इसलिए बिहार राज्य के मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज में एक ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की स्थापना होने से रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में और मजबूती मिलेगी।

अतः माननीय रक्षा मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज बिहार में एक ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की स्थापना करवाई जाए।